समाचार

# विकास व निर्माण कार्यो की कार्यप्रगति एवं राजस्व वसूली कार्यो में तेजी लाएं – आयुक्त

**(आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने की निगम के विकास व निर्माण कार्यो, राजस्व की वसूली तथा नागरिक सेवाओं वे सुविधाओं से जुड़े कार्यो की कार्यप्रगति की समीक्षा, टी.एल. प्रकरणों के समयबद्ध निराकरण के दिए कड़े निर्देश )**




कोरबा 08 अगस्त 2025 – आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने निगम के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि निगम द्वारा संपादित कराए जाने वाले विकास व निर्माण कार्यो की कार्यप्रगति में आवश्यक तेजी लाएं, निगम के राजस्व की वसूली से जुड़े कार्यो पर विशेष फोकस करें, वहीं नागरिक सेवाओं व सुविधाओं से जुड़े कार्यो, टी. एल. प्रकरणों, जनसमस्याओं व शिकायतों से संबंधित विषयों को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखकर कार्य करें। उन्होने कहा कि शहर की स्वच्छता व साफ–सफाई कार्यो से जुड़े कार्यो को पूरी गंभीरता से लें तथा इस दिशा में किसी प्रकार की लापरवाही व उदासीनता प्रदर्शित न करें।

आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने आज नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित एम.आई.सी. कक्ष में निगम के जोन कमिश्नरों व प्रभारी अधिकारियों की बैठक लेकर निगम के समस्त कार्यो की कार्यप्रगति की बिन्दुवार से विस्तार से समीक्षा की। उन्होने विकास व निर्माण कार्यो की समीक्षा करते हुए जिला खनिज न्यास मद, अधोसंरचना मद, आदिवासी विकास प्राधिकरण मद, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन निगम मद, सांसद, विधायक, प्रभारी मंत्री मद, वित्त आयोग मद, एनकेप मद सहित अन्य विभिन्न मदों के अंतर्गत प्रगतिरत व प्रस्तावित विकास कार्यो की कार्यप्रगति की जोनवार व मदवार समीक्षा करते हुए कार्यो की कार्यप्रगति में आवश्यक तेजी लाने

के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि स्वीकृत कार्यो की निविदा आदि की कार्यवाही समयसीमा में पूरी कराएं तथा जिन कार्यो की निविदा प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है, उनकी आगामी कार्यप्रगति में तेजी लाएं।

**टी.एल.प्रकरणों का समयसीमा में हो निराकरण** – समीक्षा बैठक के दौरान आयुक्त श्री पाण्डेय ने कलेक्टर टी. एल., निगम टी.एल., जनचौपाल, मुख्यमंत्री जनदर्शन, पी.एम.ओ.पोर्टल आदि में प्राप्त शिकायतों व प्रकरणों के साथ–साथ जनशिकायत व जनसमस्या से जुड़े प्रकरणों के निराकरण की वर्तमान स्थिति की बिन्दुवार समीक्षा की। आयुक्त श्री पाण्डेय ने प्रकरणों की बिन्दुवार व प्रकरणवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन प्रकरणों का निर्धारित समयसीमा में संतुष्टिपूर्ण निराकरण किया जाए, यह अंतिम रूप से सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि समयसीमा के प्रकरणों के निराकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही व उदासीनता न बरती जाए।

**राजस्व वसूली कार्यो की समीक्षा** – बैठक के दौरान आयुक्त श्री पाण्डेय ने निगम के राजस्व वसूली कार्यो की कार्यप्रगति की समीक्षा की, उन्होने सम्पत्तिकर, समेकित कर, शिक्षा उपकर, जलकर, भवन दुकान किराया सहित अन्य मदों में प्राप्त होने वाले राजस्व की वसूली की विषयवार समीक्षा करते हुए राजस्व वसूली में तेजी लाने अभियाचन बिल जारी करने, वार्ड व बस्तियों में राजस्व वसूली के शिविर लगाने, सार्वजनिक प्रतिष्ठानों की नई परिसम्पत्तियों का सर्वे कर सम्पत्तिकर का पुर्ननिर्धारण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। आयुक्त श्री पाण्डेय ने अधिकारियों से कहा कि शहर के विभिन्न स्थानों में दुकानों, व्यवसायिक काम्पलेक्सों के निर्माण के प्रस्ताव भी तैयार कराएं ताकि भविष्य में निगम की राजस्व वृद्धि हेतु ठोस आधार तैयार किया जा सके।

**प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा** – बैठक में आयुक्त श्री पाण्डेय ने प्रधानमंत्री आवास योजना की विस्तार से समीक्षा की, योजना के बी.एल.सी. घटक के अंतर्गत जिन हितग्राहियों को प्रथम किश्त की राशि प्रदान की जा चुकी है, किन्तु उनके द्वारा अभी तक आवासगृहों का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है, ऐसे हितग्राहियों को आवासगृहों का निर्माण प्रारंभ करने हेतु प्रेरित व प्रोत्साहित करने व निर्माण कार्य प्रारंभ करवाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होने जोन कमिश्नरों को निर्देशित करते हुए कहा कि वे इस दिशा में व्यक्तिगत रूचि के साथ कार्य करें तथा आवासगृहों का निर्माण प्रारंभ कराएं।

**साफ–सफाई कार्यो की समीक्षा** – आयुक्त श्री पाण्डेय ने साफ–सफाई कार्यो की विस्तार से समीक्षा की, उन्होने निगम के समस्त जोन कमिश्नरों, उप जोन प्रभारियों, स्वच्छता अधिकारी व निरीक्षकों तथा अन्य मैदानी अमले को निर्देश देते हुए कहा कि उनके द्वारा प्रतिदिन किए जा रहे मार्निंग विजिट को लगातार जारी रखें तथा इस दौरान साफ–सफाई कार्यो का सघन निरीक्षण करने के साथ ही अतिक्रमण, अवैध कब्जों व नागरिक सेवाओं एवं सुविधाओं से जुड़े अन्य विषयों पर भी विशेष फोकस करें, समस्याओं को देखें, समझें व निराकरण कराएं, साथ ही इनसे मुझे भी अवगत कराएं।

बैठक के दौरान अपर आयुक्त विनय मिश्रा, अधीक्षण अभियंता सुरेश बरूआ, उपायुक्त द्वय बी.पी.त्रिवेदी व पवन वर्मा, जोन कमिश्नर एन.के.नाथ, प्रकाश चन्द्रा, अखिलेश शुक्ला, तपन तिवारी, सुनील टांडे, कार्यपालन अभियंता राकेश मसीह, लेखाधिकारी भवकांत नायक, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, संपदा अधिकारी अनिरूद्ध सिंह, सहायक अभियंता लीलाधर पटेल, राहुल मिश्रा, पीयूष राजपूत, मोतीलाल बरेठ, गोयल सिंह विमल, सुशीलचंद्र सोनी, यशवंत जोगी, अजय अग्रवाल, अविनाश जायसवाल, संजय ठाकुर, शैलेन्द्र नामदेव, सचीन्द्र थवाईत आदि के साथ अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।